देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 264 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...इतिहास में तीसरा ही मौका

पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 26 जनवरी 2022

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं... पाठकों को पेज थ्री का अगला अंक शुक्रवार को मिलेगा। – संपादक

मौसम अधिकतम 15.0° न्यूनतम 6.0°

39243.39

2 जवाब देने के लिए तैयार अमेरिका

7 आईपीएल में आने वाले हैं दो धांसू खिलाड़ी

संक्षिप्त समाचार

नीरज चोपड़ा को परम विशिष्ट सेवा मेडल

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने मंगलवार को सशस्त्र सेना बल को दिए जाने वाले वीरता पुरस्कारों का एलान कर दिया। जारी की गई सूची के मुताबिक, इस बार 384 सैनिकों–जवानों को वीरता पुरस्कार दिए जाएंगे। इनमें 12 लोगों को शौर्य चक्र, 29 को परम विशिष्ट सेवा मेडल देने का एलान किया गया है। पिछले साल ओलंपिक गेम्स में भारत के लिए गोल्ड मेडल जीतने वाले राजपूताना राइफल्स के नीरज चोपड़ा का नाम भी परम विशिष्ट सेवा मेडल पाने वालों में शामिल है।

श्रीनगर के हरि सिंह हाई स्ट्रीट में ग्रेनेड से हमला

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

श्रीनगर। श्रीनगर के हरि सिंह हाई स्ट्रीट इलाके में आतंकियों ने पुलिस के वाहन को निशाना बनाते हुए ग्रेनेड से हमला किया। गनीमत यह रही है कि ग्रेनेड पुलिस के वाहन से पहले ही कुछ दूरी पर गिरकर फट गया। इससे वहां से गुजर रहे तीन राहगीर सहित एक पुलिस इंस्पेक्टर घायल हो गए।

चुनावी दंगल में बीजेपी ने चला ओबीसी दांव

कांग्रेस नेता आरपीएन सिंह भारतीय जनता पार्टी में शामिल

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के साथ ही देश में कांग्रेस के बड़े नेता कुंवर आरपीएन सिंह ने मंलगवार को अपनी पार्टी को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ले ली है। आरपीएन सिंह ने भाजपा में शामिल होने के बाद ट्वीट पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा तथा गृह मंत्री अमित शाह का आभार जताया है।

भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालय नई दिल्ली में आरपीएन सिंह को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। उत्तर प्रदेश विधानसभा सभा चुनाव के प्रभारी केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के साथ सह प्रभारी केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, भाजपा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व डा. दिनेश शर्मा तथा भाजपा मीडिया प्रकोष्ठ के प्रमुख राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी ने आरपीएन सिंह को भाजपा की सदस्यता दिलाई। उनके साथ कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता के साथ सहारनपुर में 30 वर्ष से कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शशि मदान तथा कांग्रेस के प्रदेश सचिव नोएडा से विधानसभा चुनाव लड़े राजेन्द्र अवाना भी भाजपा में शामिल हो गए।

> *यह मेरे लिए एक नई शुरुआत है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और मार्गदर्शन में राष्ट्र निर्माण में अपने योगदान के लिए तत्पर हूं।*
> – कुंवर आरपीएन सिंह।

इस अवसर पर आरपीएन सिंह ने कहा कि मैंने काफी लम्बे समय तक कांग्रेस की हर स्तर पर सेवा की, अपना समय दिया। जनता की सेवा करने के लिए जिस पार्टी में करीब 30 वर्ष तक रहा अब वो पार्टी वैसी नहीं रही जैसी पहले थी, इसी कारण उसको छोड़ कर भाजपा में आया हूं। भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के बाद पूर्व केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री आरपीएन सिंह ने कहा कि यह मेरे लिए एक नई शुरुआत है। इसके लिए मैं पीएम मोदी के मार्गदर्शन में राष्ट्र निर्माण में अपने योगदान के लिए तत्पर हूं। उन्होंने पीएम मोदी के साथ जेपी नड्डा तथा अमित शाह का आभार जताया है।

होम आइसोलेशन की कुशल निगरानी के निर्देश

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

बैठक

■ कोविड–19 की स्थिति को लेकर समीक्षा बैठक

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. मनसुख मंडाविया ने 9 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ कोविड–19 और टीकाकरण प्रगति के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने ई–संजीवनी जैसे टेली–कंसल्टेशन माध्यमों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा। साथ ही उन्होंने होम आइसोलेशन में रहने वालों की कुशल निगरानी करने का भी आग्रह किया।

सूत्रों के मुताबिक, बैठक में शामिल हुए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जम्मू–कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, दिल्ली, लद्दाख, उत्तर प्रदेश और चंडीगढ़ शामिल थे। इससे पहले केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, गोवा और दादरा और नगर हवेली और दमन दीव के स्वास्थ्य मंत्रियों और प्रधान सचिवों के साथ बातचीत की थी। इस बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने राज्यों को स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की समीक्षा करने, हर जिले में टेली–कंसल्टेशन हब स्थापित करने और उपलब्ध सेवाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी थी।

गौरतलब है कि, देश में कोरोना संक्रमण के रोजाना लाखों मामले सामने आ रहे हैं। कोविड–19 संक्रमण पर काबू पाने के लिए सरकार की तरफ से हर संभव कोशिश की जा रही है। सरकारी सूत्रों की माने तो 15 फरवरी के बाद से देश में कोरोना संक्रमण के नए मामलों में गिरावट दर्ज की जा सकती है। सूत्रों ने कहा कि टीकाकरण के चलते तीसरी लहर का प्रभाव कम हुआ है। बता दें कि सोमवार को देश में कोरोना के 3,06,064 नए मामले सामने आए थे। वहीं, 439 लोगों की जान गई है। इससे एक दिन पहले 3.33 लाख और उससे एक दिन पहले 3.37 लाख नए केस मिले थे।